प्रभात खबर

नकली शराब बरामद, बाइक चालक गिरफ्तार

प्रतिनिधि, विद्यासागर करमाटांड़ थाना क्षेत्र के पट्टाजोरिया मोड़ में गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अभय कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों ने नकली शराब के साथ एक बाइक को जब्त किया. साथ ही बाइक चालक जामताड़ा थाना क्षेत्र के श्यामपुर निवासी अमित कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि नकली शराब बाइक से जामताड़ा ले जाया जा रहा है. सूचना मिलते ही पट्टाजोरिया मोड़ पहुंच कर नकली शराब, बाइक को जब्त कर बाइक चालक को भी गिरफ्तार कर करमाटांड़ थाना लाया गया है. युवक ने बताया कि निरसा से शराब लेकर जामताड़ा ला रहा था. वहीं समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज की प्रक्रिया जारी थी.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/jamtara/fake-liquor-recovered-bike-driver-arrested